भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 934**
उत्तर देने की तारीख 2 दिसंबर, 2024
सोमवार, 11 अग्रहायण 1946 (शक)

**प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण**

**934. श्री संजय उत्तमराव देशमुख:**

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेबीवाई) के तहत युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है;

(ख) क्या यवतमाल जिले में ऐसे प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए किसी गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) द्वारा कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है और उक्त प्रस्ताव पर सरकार द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई है;

(घ) एनजीओ द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों की संख्या कितनी है और कितने प्रस्ताव अनुमोदन के अंतिम चरण में हैं; और

(ङ) क्या यवतमाल जिले में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत प्रशिक्षण देने के लिए किसी एनजीओ का चयन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) वर्ष 2015 से अपनी प्रमुख स्कीम प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) को कार्यान्वित कर रहा है। पीएमकेवीवाई के तहत, देश भर के युवाओं को अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) और पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल), पुनर्कौशलीकरण और कौशलोन्नयन के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

(ख) से (ङ)  पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत प्रशिक्षण शैक्षणिक संस्थानों, उद्योग और उद्योग संघों, केंद्र तथा राज्य सरकार के संस्थानों में मान्यता प्राप्त और संबद्ध प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। इसके अलावा, आदिवासी, आकांक्षीय और पूर्वोत्तर जिलों में एक जिला-एक उत्पाद के आधार पर कौशल मांग को पूरा करने के लिए प्रशिक्षण देने के लिए समुदाय आधारित संगठनों को लगाया गया है।

विगत वित्तीय वर्ष अर्थात 2023-24 के दौरान पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत समुदाय आधारित संगठन श्रेणी के तहत कुल 1,157 प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें एनजीओ भी शामिल थे। इनमें से 575 प्रस्तावों को लक्ष्य आबंटन के लिए चुना गया, जिनमें यवतमाल जिले के 5 प्रस्ताव शामिल हैं। वर्तमान वित्त वर्ष अर्थात 2024-25 में, केवल एक एनजीओ ने पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत यवतमाल जिले में कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

******